तू देख हार के श्याम मेरा नीले चढ़ आयेगा

कब तक डगर डगर की जगत में ठोकर खायेगा
तू देख हार के श्याम मेरा नीले चढ़ आयेगा,

बिन मांगे देता संवारा क्या मांगे मुख खोल के
लग जा लम्भी लाइन में जय जय कारे बोल के
हर हारे की नैया को ये आप चलाएगा,
तू देख हार के श्याम मेरा नीले चढ़ आएगा

सेठो का ये सेठ कहाते दानी में महादानी
सब के काम बनाते जग में बाबा शीश का दानी
बन के रौशनी श्याम तेरा जीवन चमकाएगा
तू देख हार के श्याम मेरा नीले चढ़ आएगा

नलायक को लायक समजा ये तेरा उपकार है
धाम निराला जग में सची सी सरकार है,
गोरव खाटू अन दाता गुण तेरे गाये गा,
अटल बिहारी का तू अन दाता गुण तेरे गायेगा
तू देख हार के श्याम मेरा नीले चढ़ आएगा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17454/title/tu-dekh-haar-ke-shyam-mera-neele-chad-aayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |